NCGG मसूरी में क्षमता निर्माण कार्यक्रम

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **मसूरी स्थित** [**राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (NCGG)**]() ने **श्रीलंका** के मध्य-कॅरियर **लोक सेवकों** के लिये **5वाँ क्षमता निर्माण कार्यक्रम** शुरू किया।

मुख्य बिंदु

- **यह 19 अगस्त, 2024 से 30 अगस्त, 2024 तक आयोजित किया जाने वाला दो सप्ताह का कार्यक्रम है और इसमें श्रीलंका के 39 मध्य-कॅरियर लोक सेवक भाग ले रहे हैं।**
- यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों को नागरिकों के लाभ के लिये **सुशासन मॉडल अपनाने और लागू करने के लिये बहुमूल्य अंतर्दृष्टि** प्रदान करता है।
  - यह कार्यक्रम **प्रतिभागियों को सांस्कृतिक बारीकियों और साझा शासन प्रथाओं की व्यापक समझ प्रदान करने के लिये तैयार** किया गया है।
    - **कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किये जाएंगे, जिनमें शासन के बदलते प्रतिमान,** डिजिटल इंडिया, **सेवा का अधिकार:** जीवनयापन में आसानी (ईज़ ऑफ लिविंग), स्वामित्व योजना **के तहत भूमि अभिलेख प्रबंधन,** आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम, **2030 तक सतत् विकास लक्ष्य प्राप्त करने का दृष्टिकोण,** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना **आदि शामिल हैं।**

राष्ट्रीय सुशासन केंद्र की स्थापना (NCGG)

- राष्ट्रीय सुशासन केंद्र की स्थापना **वर्ष 2014 में की गई थी। इसका कार्य भारत और अन्य देशों के लोक सेवकों को प्रशिक्षित करना है।**
  - पिछले कुछ वर्षों में केंद्र ने **बांग्लादेश, केन्या, तंजानिया, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, गाम्बिया, मालदीव, श्रीलंका, अफगानिस्तान, लाओस, वियतनाम, नेपाल, भूटान, म्याँमार, इथियोपिया, इरिट्रिया, सोमालिया, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, मेडागास्कर, फिजी, मोज़ाम्बिक और कंबोडिया जैसे विभिन्न देशों के अधिकारियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/capacity-building-program-at-ncgg-mussoorie